समस्या ▶ 10 वर्षों से सड़क, नाली और जल निकासी का इंतजार

# मैत्री नगर ननि में शामिल, लेकिन सुविधाएं अब भी अधूरी





**नवभारत , जबलपुर ।** जबलपुर के मैत्री नगर क्षेत्र वार्ड 75 महाराजपुर के रहवासियों का कहना है कि नगर निगम सीमा में शामिल हुए एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। क्षेत्र में कच्ची और जर्जर सड़कें, जल निकासी की व्यवस्था का अभाव, नालियों की कमी और नियमित सफाई न होने से लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से पार्षद से मुलाकात कर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

### नगर निगम में शामिल होने के बाद भी विकास अधूरा

मैत्री नगर वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत से नगर निगम सीमा में शामिल हुआ था। रहवासियों को उम्मीद थी कि क्षेत्र में सड़क, नाली, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित होंगी। लेकिन दस वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### इनका कहना है



हम पिछले 10 साल से यहां रह रहे हैं, लेकिन आज तक सड़क, नाली और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हुई। बारिश में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला।

**सुनीता अवस्थी**



हम उम्र के इस पड़ाव पर भी रोज़ इन टूटी सड़कों और गंदगी के बीच निकलने को मजबूर हैं। बरसात में पानी भर जाता है और कीचड़ के कारण गिरने का डर बना रहता है। नगर निगम से हमारी सिर्फ इतनी मांग है कि जल्द से जल्द सड़क, नाली और सफाई की व्यवस्था कराई जाए ।

**विमला देवी**



जब हमारा क्षेत्र नगर निगम में शामिल हुआ था, तब लगा था कि अब विकास होगा, लेकिन आज भी सड़क, नाली और पानी निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। अब हम पार्षद से मिलकर अपनी समस्याएं रखेंगे।

**मीरा देवी**

## लोडिंग वाहन ने कुचला मासूम की मौत

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर में लोडिंग वाहन के कुचलने से घायल मासूम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि कुमारी अहाना भदौरिया 6 वर्ष निवासी गौतमनगर महाराजपुर अधारताल की गुरूवार दोपहर लगभग 1 बजे महाराजपुर चौक अधारताल में सड़क दुर्घटना में घायल होने से पिता धीरेन्द्र भदौरिया द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के रात लगभग 11-50 बजे मौत हो गयी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका स्कूल गई हुई थी। उसके दादा गोवर्धन सिंह स्कूटी से उसे घर लेकर लौट रहे थे वह जैसे ही महाराजपुर पहुंचे तभी अज्ञात लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी थी । टक्कर इतनी जोरदार रही कि गोवर्धन सिंह गिर गए और अहाना को अज्ञात वाहन रौंदते हुए आगे बढ़ गया था । गंभीर चोटें आने पर अहाना को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# अध्यक्ष पद पर प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर

**चुनावी माहौल गर्म**
**सोमवार को मतदान**




**जबलपुर।** जबलपुर जिला अधिवक्ता संघ (जिला बार) के चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। सोमवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार 3,313 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिला बार की नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए मनीष मिश्रा, नरेंद्र जैन, ज्योति राय, डी.पी. तिवारी, एच.आर. नायडू और अभय शुक्ला मैदान में हैं। इनमें पूर्व अध्यक्ष मनीष मिश्रा और नरेंद्र जैन के बीच मुकाबले को सबसे रोचक माना जा रहा है, वहीं ज्योति राय भी मजबूत दावेदारी के साथ चुनावी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के अलावा सचिव पद पर 8, सहसचिव पर 5, कोषाध्यक्ष पर 4, पुस्तक सचिव पर 4 तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए 51 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### ऐसी रहेगी व्यवस्था

चुनाव अधिकारी जी.एस. ठाकुर ने बताया कि निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदाता गेट नंबर-4 से प्रवेश करेंगे और मतदान के बाद गेट नंबर-3 से बाहर निकलेंगे। गेट नंबर-4 से बैंक तक केवल प्रत्याशी ही प्रचार कर सकेंगे, जबकि समर्थकों को गेट के बाहर रहकर प्रचार करना होगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं अस्वस्थ मतदाताओं के लिए अलग मतदान कक्ष, प्रवेश और निकास की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोमवार को होने वाले मतदान के बाद जिला बार की नई कार्यकारिणी का फैसला मतपेटियों में कैद हो जाएगा।

### प्रत्याशी कर रहे है व्यक्तिगत संपर्क

मतदान से पहले प्रत्याशी और उनके समर्थक अधिवक्ताओं से लगातार जनसंपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। जिला बार परिसर में पूरे दिन चुनावी चर्चाओं का माहौल बना हुआ है और सभी पदों पर मुकाबला कड़ा माना जा रहा है। प्रत्याशी व्यक्तिगत संपर्क के साथ अपने पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि समर्थक भी अंतिम समय तक प्रचार अभियान में पूरी सक्रियता से जुटे हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और पूरे बार परिसर में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

### एक नजर में



## सेवादल ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा शुक्रवार को संभागीय कमिश्नर जबलपुर संभाग को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम की महापौर परिषद के विधिसम्मत गठन न होने तथा उसके द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की वैधानिकता की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सतीश तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया कि यदि महापौर परिषद का गठन विधि एवं नियमों के अनुरूप नहीं हुआ है, तो उसके द्वारा लिए गए निर्णयों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा नगर निगम का कार्य संचालन विधिसम्मत तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव कुमार चौबे, रिजवान अली कोटी, अशोक यादव, विष्णु विनोदिया, उमेश पटेल, राजेंद्र पिल्ले, हिमांशु मिश्रा, महेश मिश्रा, अनिल गुप्ता, एजाज अंसारी, रिंकू कुशवाहा और प्रवक्ता जितेंद्र यादव सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## चाचा-भतीजा पर हमला

**जबलपुर।** मझौली थाने में रामलाल कोल निवासी ग्राम बूढ़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 8-30 बजे वह तथा उसकी पत्नी घरेलू विवाद को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे तभी बाजू में रहने वाला दीपक गडारी एवं धर्मेन्द्र गोटिया आकर विवाद करने लगे। दीपक गडारी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने लगा, धर्मेन्द्र ने डंडा से एवं दीपक ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसे चोट पहुंचा दी। उसका भतीजा करन कोल बीच बचाव करने लगा तो धर्मेन्द्र ने डंडे से हमलाकर करन के सिर में चोट पहुंचा दी ।दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## टेंट संचालक को पीटा

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत उडना सडक में दो बदमाशों ने टेंट संचालक की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक अमित साहू 29 वर्ष निवासी उडना सडक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह टेंट हाउस चलाता है बीती रात लगभग 8-30 बजे वह एवं अभिषेक यायदव दोनों उडना तिराहा में खड़े थे तभी गोविन्द सिंह लोधी, आकरविवाद करते हुये बोला कि तुम्हारे चाचा का लडका साकाल कहा है और गोविन्द सिंह लोधी उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, तभी गोविन्द सिंह लोधी का अरविन्द लोधी भी आकर मारपीट करने लगा तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# जेल में दो बंदियों के बीच झड़प, बदले गए बैरक




**नवभारत, जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल के भीतर शुक्रवार को सुबह दो बंदियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना के बाद जेल परिसर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में प्रहरियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। इसके बाद जेल प्रशासन ने दोनों के बैरक बदल दिए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों बंदियों के बीच तकरीबन दो साल पहले किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। जेल के भीतर रहने के बावजूद दोनों के दिलों में एक-दूसरे के प्रति गुस्सा शांत नहीं हुआ था। शुक्रवार सुबह 11 बजे जैसे ही दोनों का आमना-सामना हुआ, पुरानी खुन्नस फिर से बाहर आ गई और दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया ।बंदियों के बीच शुरुआत तू-तू, मैं-मैं से हुई । देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे पर टूट पड़े। दोनों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना के बाद जेल परिसर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में प्रहरियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। जेल उप अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि दो बंदियों के बीच मामूली विवाद हुआ था। जानकारी मिलते ही सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया गया था। दोबारा उनके बीच में ऐसी स्थिति न बने इसे रोकने के लिए ज दोनों ही बंदियों के बेरियर (बैरक) अलग-अलग कर दिए हैं। अब दोनों को जेल के अलग-अलग कोनों में कड़ी निगरानी के बीच रखा गया है।

# जिले को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय करें : एएसपी




**जबलपुर।** नशा एक सामाजिक अभिशाप है, पुलिस का उद्देश्य केवल सुरक्षा करना नहीं, बल्कि समाज को नशा मुक्त बनाना भी है। नशे से दूरी, है जरूरी केवल एक नारा नहीं, बल्कि जबलपुर पुलिस का जनसंपर्क एवं जनसहभागिता के माध्यम से समाज निर्माण की दिशा में प्रयास है।

नशे के खिलाफ जनजागरण के इस अभियान में जो भी सहभागिता कर रहे है वे बधाई के पात्र है। हम सब मिलकर अपने जिले को नशा मुक्त बनाने का दृढ निश्चय करें। यह बातें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति अनु बेनिवाल ने शुक्रवार को नशे से दूरी, है जरूरी शीर्षक से चल रहे नशा मुक्ति जनजागरण अभियान के तहत आयोजित बैठक में कहीं। बैठक मे अभियान के बारे में जानकारी देते हुये पंपलेट वितरित किये गये। जबलपुर को नशा मुक्त करने के लिए शपथ दिलाई गयी। नगर निगम एवं महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, खेलकूद विभाग, के अधिकारियों की बैठक में उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा एवं एवं सुश्री सोनम वर्बे संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन सशक्तिकरण जबलपुर उपस्थित रहे।

**दुकानों में दबिश, सिगरेट, गुटखा जब्त-** बेलबाग क्षेत्रांर्गत स्कूल, शैक्षणिक संस्थानों के पास स्थित दुकानों में दबिश देते हुये दुकानो को चैक किया गया। बाई का बगीचा स्थित शासकीय स्कूल के गेट के पास दिनेश सोनकर निवासी घमापुर चौक खटीक मोहल्ला की दुकान की तलाशी लेने पर दुकान में अन्य सामानो के साथ नशे उपयोगी सिगरेट, गुटका पानमसाला मिला जिसे जप्त किया गया ।

# उच्च न्यायालय में एक पौधा राष्ट्र के नाम अभियान को मिला बढ़ावा



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में दिवंगत अधिवक्ताओं की स्मृति में 'एक पौधा राष्ट्र के नाम' अभियान के तहत 501 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल धगट के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सानिध्य में अधिवक्ता एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र परिषद के संयोजक धीरज सिंह ठाकुर ने अधिवक्ताओं को पौधे वितरित किए। इस अवसर पर न्यायमूर्ति धगट का सम्मान पत्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत भी किया गया।

**पौधे पर्यावरण को करते है संतुलित-** धीरज सिंह ठाकुर ने कहा कि दिवंगत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि स्वरूप पौधों का वितरण एक नई और सार्थक पहल है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित भारत के निर्माण और प्रकृति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पौधे शुद्ध वायु, पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा प्रत्येक वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी में जागरूकता रैली निकली




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, जबलपुर में जनजागरूकता पैदल रैली का आयोजन किया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली का शुभारंभ वाहिनी के गेट नंबर-1 से हुआ।

रैली रांझी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जिसमें लगभग 400 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान पुलिसकर्मियों ने आमजन से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली का समापन वाहिनी परिसर स्थित कैक्टस उपवन में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में डीएसपी महेंद्र प्रताप सिंह, सुबोध लोखंडे, रीना पांडेय शर्मा एवं विजय अंभोरे सहित लगभग 400 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कम दाम में ड्रायफ्रूट बेचने का झांसा देकर सेवानिवृत्त कर्मी को ठगा




**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर पटेल नगर में निवासी व्हीकल फैक्ट्री से सेवानिवृत्त कर्मी एक ठग के चंगुल में फंस गया। जालसाज ने कम दाम में ड्रायफ्रूट बेचने का झांसा देकर 97 हजार 454 रूपये की चपत लगा दी। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को निरंजन प्रसाद विश्वकर्मा 67 वर्ष निवासी महाराजपुर पटेल नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह व्हीकल फैक्ट्री से सेवानिवृत्त है उसने 5 जुलाई को फेसबुक आईडी श्रीराम ड्रायफ्रूट पर एक विज्ञापन देखा जिसमें ड्रायफ्रूट विक्रय करने का वीडियो था जो जबलपुर के मार्केट रेट से कम कीमत में ड्रायफ्रूट बेचना बता रहे थे वह उनकी बातों आ गया और अपने मोबाइल से श्रीराम ड्रायफ्रूट के व्हाटसएप नम्बर पर कुछ ड्रायफ्रूट आर्डर किया और अपनी यूपीआई आईडी से श्रीराम ड्रायफ्रूट के यूपीआई डी जया बिभा कोलकर पेटीएम पर 1150 रूपये ट्रांसफर किया था। 5 जुलाई 26 को लगभग 8 बजे श्रीराम ड्रायफ्रूट नम्बर से कॉल आया और बताया कि जीएसटी के संबंधित कोई दिक्कत आ रही है इसलिये आपका 1150 रूपये वापस भेज रहे हैं, उनके निर्देश दिये गये जो उसने अपने उक्त यूपीआई आईडी में पूरा करता गया लेकिन पैसे नहीं आये और उसकी बैंक ऑफ इंडिया के एकाउण्ट से कुल 97 हजार 454 रूपये धोखाधड़ी पूर्वक निकाल लिये।

# पॉश इलाके में गंदगी के बीच चल रहीं खानपान की दुकानें



**जबलपुर।** शहर के पॉश माने जाने वाले सिविल लाइंस क्षेत्र की रिज रोड पर इन दिनों सफाई व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है। सड़क किनारे संचालित कई खानपान की दुकानों के आसपास नालियों के बाहर कचरे के ढेर और गंदगी फैली हुई है। खुले में पड़े कचरे से दुर्गंध उठ रही है, जिससे यहां आने वाले ग्राहकों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और कचरा समय पर नहीं उठाए जाने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कई स्थानों पर कचरा नालियों के बाहर ही जमा है, जिससे न केवल आसपास का वातावरण खराब हो रहा है, बल्कि बारिश के दौरान जलभराव और गंदगी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। खानपान की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी गंदगी के बीच बैठकर भोजन करना पड़ रहा है।

### तत्काल कराई जाए सफाई

क्षेत्रवासियों और दुकानदारों ने नगर निगम से मांग की है कि रिज रोड पर नियमित सफाई अभियान चलाया जाए, नालियों से कचरा हटाकर उसका तत्काल उठाव सुनिश्चित किया जाए तथा स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। उनका कहना है कि सिविल लाइंस जैसे प्रमुख क्षेत्र में इस तरह की गंदगी शहर की छवि को भी प्रभावित कर रही है, इसलिए संबंधित विभाग को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

कार्रवाई ▶ पुलिस ने निकाला बमबाज का जुलूस, निकाली हेकड़ी

# जहां फैलाई दहशतगर्दी वहां कान पकड़ मांगी माफी



**नवभारत, जबलपुर।** बमबाजी, रंगदारी के मामले में फरार मुख्य आरोपी मोनू उर्फ शिवम शुक्ला, पिता रामकुमार शुक्ला, 23 वर्ष, निवासी मानेगांव को रांझी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त किया गया । पकड़े गए आरोपी की पुलिस ने हेकड़ी निकाली। पुलिस बमबाज को वहां ले गई जहां उसने वारदात कर दहशतगर्दी फैलाई थी । इस दौरान बदमाश कान पकड़कर नागरिकों से माफी मांगता नजर आया।

टीआई उमेश कुमार गोल्हानी ने बताया कि 4 जुलाई 2026 को गांधी चौक स्थित श्रीपाल किराना स्टोर के संचालक अनिल श्रीपाल से आरोपी द्वारा कट्टा दिखाकर अवैध रूप से पैसों की मांग की गई थी। पैसे देने से इंकार करने पर दुकान बंद होने के बाद आरोपियों ने दुकान के शटर पर बम फेंककर दहशत फैलाने का प्रयास किया। घटना के बाद मुख्य आरोपी मोनू उर्फ शिवम शुक्ला तथा उसका साथी विवेक कोल फरार हो गए थे, जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी।

16 जुलाई की रात्रि लगभग 11 बजे मोनू उर्फ शिवम शुक्ला मदर टेरेसा स्कूल के पास देशी पिस्टल लेकर घूमते दबोचा गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को शुक्रवार को गांधी चौक स्थित घटनास्थल ले जाकर तस्दीक कराई गई। पैदल घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। आरोपी के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में विभिन्न धाराओं के तहत लगभग एक दर्जन आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। तिलवारा थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है । आरोपी के फरार साथी विवेक कोल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### फन्टूस से 30 हजार में खरीदा था हथियार

पूछताछ के दौरान आरोपी शिवम शुक्ला ने कबूल किया कि उसने यह अवैध देशी पिस्टल करीब 8-9 महीने पहले आयुष सोनकर उर्फ फन्टूस नाम के युवक के माध्यम से 30 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस अब आयुष सोनकर की भी तलाश कर रही है ताकि अवैध हथियारों के इस नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके।

# आवारा कुत्तों का किया जाये टीकाकरण या नसबंदी

**सुको के निर्देश पर**
**हाईकोर्ट का निर्णय**



**जबलपुर।** हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय तथा गृह विभाग को आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी करने के निर्देष दिये है। युगलपीठ ने कार्यवाही के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के आदेश देते हुए अगली सुनवाई 6 अगस्त को निर्धारित की गयी है।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के आतंक को गंभीरता से लिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने डॉग बाइट और रेबीज की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए आवारा कुत्तों का टीकाकरण या नसबंदी करने के निर्देष दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिए थे कि वे सरकारी और निजी संस्थानों की पहचान करें, जिनमें अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक खेल परिसर, रेलवे स्टेशन शामिल हैं को चिन्हित करते हुए कार्यवाही करें। स्थानीय निकायों को इन जगहों का समय-समय पर निरीक्षण करे जिससे कुत्ते अपना घर न बना सकें। इसके अलावा जिन कुत्तों को रेबीज है या रेबीज होने का संदेह उन्हें शेल्टर होम में रखने के निर्देश दिये थे। सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी हाईकोर्ट को इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करने के निर्देश दिये थे।

हाईकोर्ट पूर्व में भोपाल में कुत्ते के द्वारा बच्ची पर हमला किये जाने की घटना को संज्ञान में लेते हुए मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा था। कुत्ते के हमले से बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। इसके आलाव आवारा कुत्ते के संबंध में अन्य याचिका भी दायर की गयी थी। युगलपीठ ने शुक्रवार को याचिकाओं की सुनवाई संयुक्त रूप से करते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित दिषा-निर्देषों का पालन करते हुए स्टेटस रिपोर्ट पेष करने के आदेश नगरीय निकाय तथा गृह विभाग को जारी किये।